## दिनांक 09.02.2023 को आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति :–

दिनांक 09.02.2023 को सायं 7.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी, श्री शमशेर आलम परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 व अन्य प्रतिनिधि, श्री अमित श्रीवास्तव उप परियोजना प्रबन्धक मेधज, श्री शत्रुघ्न कुमार व श्री अमित कुमार सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के अनतर्गत जनपद में चिन्हित कुल 590 (नई योजना 438 तथा पुर्नगठन 152) ग्राम पंचायतों के सापेक्ष तहसील सदर के अन्तर्गत 03 ग्राम पंचायतें चॉदपुर, लखनपुर तथा आदमपुर में परियोजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है तथा कुछ स्थलों पर विवाद है, जिसका निराकरण करा लिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता जल निगम एवं जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारी, सदर वाराणसी से निरन्तर समन्वय स्थापित कर भूमि का चिन्हांकन कराना सुनिश्चित करायें तथा विवादित स्थलों का निराकरण कराकर कार्य पूर्ण कराने की कार्यवाही कराते हुए स्थिति से अवगत करायें।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0।**

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि 14 परियोजनाओं से निरन्तर जलापूर्ति की जा रही है। जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा ग्रामीणों से फोन के माध्यम से सत्यापन किये जाने के उपरान्त स्पष्ट हुआ कि मात्र 6 परियोजनाओं से ही जलापूर्ति हो रही है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा यह भी बताया गया कि 50 नग सोलर प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 18 सोलर स्थापित करा दिया गया तथा प्राप्त 25 नग डी.जी. सेट के सापेक्ष 15 नग परियोजनाओं पर स्थापित कराया गया है, शेष के अधिष्ठापन की कार्यवाही की जा रही है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि जलापूर्ति प्रारम्भ कराये गये परियोजनाओं का सत्यापन कराकर सही सूचना से अवगत करायें तथा अवशेष सोलर एवं डी.जी. सेट को यथाशीघ्र परियोजनाओं पर स्थापित कराकर कियान्वित कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग से पोल शिफिटंग कराये जाने से सम्बन्धित स्टीमेट मॉगा गया है परन्तु अभी तक मात्र 2–3 स्थानों का ही स्टीमेट प्राप्त हुआ है। यह भी अवगत कराया गया कि कुल चयनित 590 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 569 का प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसमें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से 541 प्राक्कलन स्वीकृत है तथा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से 311 प्राक्कलन स्वीकृत है। अवशेष 21 ग्राम पंचायतों का डी0पी0आर0 2–4 दिनों में एल0एण्ड टी0 द्वारा जल निगम कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित कार्यालय से परस्पर समन्वय स्थापित कर स्टीमेट प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करायें तथा सक्षम स्तर से अवशेष डी0पी0आर0 के स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)/परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0**

एल0एण्ड टी0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। बार–बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी मजदूरों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है और न ही पर्याप्त संख्या में मशीनें लगाई जा रही है। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सभी परियोजनाओं पर लगभग 1300 मजदूर तैनात हैं तथा 210 परियोजनाओं के नलकूप निर्माण का कार्य प्रारम्भ है जिसके सापेक्ष अभी तक 121 नलकूप का पूर्ण करा लिया गया है तथा 49 मोटर पम्प अधिष्ठापित करा दिया गया है जिसमें 14 कियाशील हैं। जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि मजदूरों की कमी के कारण कार्य

प्रभावित हो रहा है तथा परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराये जाने में समस्या होगी। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं पर मजदूरों एवं आवश्यकतानुसार मशीनों की संख्या बढ़ाकर तीव्रगति से कार्य कराते हुए अगले सप्ताह कम से कम 20 नलकूप का कार्य पूर्ण करायें तथा दिनांक 31 मार्च 2023 तक 301 परियोजनाओं को पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करायें, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपके संस्था की होगी।

**कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0**

श्री अमित श्रीवास्तव, उप परियोजना प्रबन्धक मेधज (टी.पी.आइ.) द्वारा बताया गया कि माह जनवरी,2023 तक के निरीक्षण में विभिन्न कार्यों से सम्बन्धित कुल 173 कमियॉ पाई गई जिसके निराकरण हेतु एल0एण्ड टी0 को प्रेषित किया गया है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा बताया गया कि कुल 106 कमियों का निराकरण करा दिया गया है, शेष के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है। टी.पी.आइ. तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि प्रेषित कमियों के सापेक्ष कमियों की निराकरण आख्या एल0एण्ड टी0 द्वारा लिखितरूप में उपलब्ध नहीं करायी जाती है जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता है कि किन–किन कमियों का निराकरण किया गया है तथा निराकरण हेतु अवशेष कौन है। यह भी बताया गया कि निरीक्षण के दौरान जहॉ–जहॉ ईंट की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई, उसका पुर्निर्माण कराया गया। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि टी.पी.आइ. तथा डी0पी0एम0यू0 द्वारा किये गये निरीक्षण में पाई गई कमियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करायें तथा निराकृत कमियों का विवरण लिखितरूप से सम्बन्धित को उपलब्ध करायें, साथ ही जिन परियोजना पर खराब ईंटो का प्रयोग किया गया है, उस परियोजना के ठेकेदार के विरूद्ध एफ0आइ0आर0 दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्उ टी0 / टी.पी.आइ. / डी0पी0एम0यू0।**

अतः सम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**(हिमांशु नागपाल)**
**मुख्य विकास अधिकारी**
**वाराणसी।**

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 4433 / ज0जी0मि0 / बैठक कार्य0 / 2022–23 दिनांक– 13 फरवरी,2023

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड,उ0प्र0 जल निगम,वाराणसी।
4 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
7 – जिला समन्वयक अधिकारी डी0पी0एम0–वाराणसी।

**मुख्य विकास अधिकारी**
**वाराणसी।**